1009 **प्रथम कालांत योगात्मक आकलन 2025-2026** **A**

**FIRST TERM SUMMATIVE ASSESSMENT 2025-2026**

**तीसरी भाषा (Third Language)**

**STD. X** **Time : 90 Mts**

# हिंदी (Hindi)

**Score : 40**

**सामान्य निर्देश :**

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।

**सूचना : 'खिड़की' लघुकथा का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> पहले बीवी-बच्चे जनरल से जाने पर कुछ नाराज़ हुए, पर फिर थोड़ी ना-नुकुर के बाद मान गए। दिल्ली से लगभग आठ घंटे का सफ़र। सीट बुक थी, तो ज़्यादा परेशानी नहीं हुई।

1. दिल्ली से होशियारपुर तक कितने घंटे की दूरी है? 1

   (क) चार घंटे की (ख) आठ घंटे की

   (ग) पाँच घंटे की (घ) नौ घंटे की

2. पत्नी और बच्चे क्यों नाराज़ हो गए? 2

3. ट्रेन यात्रा के अनुभवों का ज़िक्र करते हुए पुरुष पात्र की **डायरी** लिखें। 4

**अथवा**

ट्रेन यात्रा के अनुभव बताते हुए मित्र के नाम पुरुष पात्र का **पत्र** तैयार करें।

**सूचना : 'मेरी दुनिया के तमाम बच्चे' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें, प्रश्न 4 और 5 के उत्तर लिखें।**

> वो तुम्हारी दीवारों में
> छेद कर देंगे एक दिन
> और आर-पार देखने की कोशिश करेंगे
> वो सहसा चीखेंगे!
> और कहेंगे–
> "देखो! उस पार भी मौसम तो हमारे यहाँ जैसा ही है"

4. 'दीवारों में छेद कर आर-पार देखना' से आप क्या समझते हैं? 2

5. कवि का परिचय देते हुए कवितांश का **आशय** लिखें। 4

**सूचना : 'रैन बसेरे में...' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 6 और 7 के उत्तर लिखें।**

> मैंने कहा, "जिन्होंने यह मंदिर बनवाया है, उन्होंने हमें यहाँ ठहराया है। देखिए, यह दरी और यह बाल्टी भी उन्होंने ही दी हैं।" लेकिन वह पागल जो था, ऊलजलूल बकने लगा।

6. पहचानकर लिखें कि कौन-सा क्रम सही है। 3

| | |
|---|---|
| च) ग्रामीण आदमी | त) रात के समय यात्रियों को तंग करता रहा। |
| छ) लेखक का साथी छोटू | थ) गाँव के बच्चों को पढ़ाता रहा। |
| ज) पागल आदमी | द) नर्मदा के तीरे लेखक का सहयात्री रहा। |
| | ध) गाँव के मंदिर की देखरेख करता रहा। |

| (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|
| च - त | च - द | च - थ | च - ध |
| छ - थ | छ - ध | छ - ध | छ - द |
| ज - ध | ज - थ | ज - द | ज - त |

7. यात्रावृत्त के इस अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

**सूचना : हाइकु पढ़कर प्रश्न 8 और 9 के उत्तर लिखें।**

> ढूँढ़ती रही
> बर्फ़ीली नगरी में
> नेह की आँच

8. 'स्नेह' का समानार्थी शब्द कौन-सा है? 1
   - (क) बर्फ़
   - (ख) ढूँढ़
   - (ग) आँच
   - (घ) नेह

9. इस हाइकु का समान आशय किस वाक्य में निहित है? 2
   - (क) बर्फ़ीली नगरी में प्यार की कमी महसूस होती है।
   - (ख) बर्फ़ीली नगरी में प्यार की खुशी फैल गई है।
   - (ग) गर्मी के मौसम में बारिश हो रही है ।
   - (घ) ठंड के मौसम में बर्फ़ पिघल रही है।

**सूचना : 'रैन बसेरे में...' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 10 और 11 के उत्तर लिखें।**

> पड़ोस के युवक से कहा, "रात को एक पागल ने हमें बहुत परेशान किया। घंटे-डेढ़ घंटे तक हमें डराता-धमकाता रहा। वह हमें पीट भी सकता था।"

10. इस वाक्य में **'वह'** और **'हम'** किस-किसके बदले प्रयुक्त हैं? 2

'वह हमें पीट भी सकता था।'

वह : ...............................

हम : ...............................

11. कोष्ठक के शब्दों की मदद से **वाक्य-विस्तार** करें। 3

(बहुत, पागल, रात को)

आदमी ने परेशान किया।

.......................................

.....................................................

..................................................................

**सूचना : 'व्हाइट कैप' कहानी का यह अंश पढ़ें और 12 से 14 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> बुढ़ापे में बचा-खुचा दिमाग जब पोते ने कुतरना शुरू किया तो हताश उसके दादाजी ने उसे बस में बिठाकर यहाँ उसके माता-पिता के पास ला छोड़ा।

12. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

(क) दादाजी केशव को बहनों के पास लाए।

(ख) दादाजी केशव को माँ-बाप के पास लाए।

(ग) दादाजी केशव को मामाजी के पास लाए।

(घ) दादाजी केशव को बड़े भाई के पास लाए।

13. दादाजी केशव को गाँव से शहर क्यों ले गए? 2

14. परीक्षा के बाद केशव ने दादाजी से शहर जाने का आग्रह किया। इसपर केशव और दादाजी के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें। 4

**अथवा**

केशव शहर में अपनी अम्मा के पास पहुँचा। केशव और अम्मा के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें।

**सूचना : नीचे दिए खंड पढ़कर प्रश्न 15 और 16 के उत्तर लिखें।**

प्रकृति की सुंदरता और हरियाली के लिए केरल प्रसिद्ध है। कोवलम तिरुवनंतपुरम का सुंदर समुद्र तट है। कोवलम का लाइटहाउस और सूर्यास्त बहुत आकर्षक हैं। केरल के आलप्पुषा को 'पूर्व का वेनिस' कहते हैं। हाउसबोट में घूमना यहाँ का एक यादगार अनुभव है। मून्नार एक खूबसूरत पहाड़ी प्रदेश है। यहाँ चारों ओर चाय के हरे-भरे बाग हैं। कुमरकम वेम्बनाड झील के पास है। यहाँ एक मशहूर पक्षी अभयारण्य है। तेक्कड़ी में पेरियार वन्यजीव अभयारण्य है। यहाँ आप जंगली हाथी, बाघ और दूसरे जानवरों को उनके प्राकृतिक माहौल में देख सकते हैं।

(पक्षी अभयारण्य - പക്ഷി സങ്കേതം )

15. विशेषण शब्द चुनकर लिखें। 1

(क) सूर्यास्त (ख) खूबसूरत

(ग) झील (घ) प्रकृति

16. सजना अपने माँ-बाप के साथ दिल्ली से केरल देखने आई। खंड की सहायता से सजना के **यात्रावृत्त** का अंश तैयार करें। 4

**अथवा**

**नमूने के अनुसार तालिका की पूर्ति करें।**

| **यहाँ का सूर्यास्त मनमोहक है।** | **कोवलम** |
|---|---|
| यह चाय के बागों से भरा पर्वतीय प्रदेश है। | ...................................... |
| यहाँ का पक्षी अभयारण्य मशहूर है। | ...................................... |
| यहाँ पेरियार वन्यजीव अभयारण्य है। | ...................................... |
| यह 'पूर्व का वेनिस' नाम से प्रसिद्ध है। | ...................................... |